महानगर अध्यक्ष की कलम से.....

वंदनीय मातृशक्ति एवं वैश्य बंधुओं,

हर्ष का विषय है कि आपकी संस्था द्वारा **चतुर्थ वैवाहिक परिचय सम्मेलन** का आयोजन किया जा रहा है। इस परिचय सम्मेलन के माध्यम से वैश्य युवक–युवतियों को योग्य जीवन साथी का चुनाव करने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी, ऐसा मेरा दृढविश्वास है। गत वर्ष आयोजित किए गए परिचय सम्मेलन के माध्यम से भी लगभग 200 युवक युवतियों का विवाह सम्पन्न हो पाया जो कि हमारे लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में 500 से अधिक युवक–युवतियों के प्रतिभाग करने की संभावना है तथा भारतवर्ष के प्रत्येक भाग से लगभग 3000 वैश्य बंधुओं के कार्यक्रम में सम्मिलित होने की संभावना है ।

गत वर्षो में संस्था द्वारा समाज में व्याप्त कुरिति के प्रति जागरूक करते हुए **बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं अभियान** की शुरूआत की गई। इस वर्ष भी वैश्य समाज की सभी वर्गो की समाज सेवा परंपरा का अनुकरण करते हुए वैश्य समाज में जागरूकता लाने हेतु **नेत्रदान व अंगदान कार्यक्रम** का शुभारंभ किया जा रहा है। आशा है कि इस पुनीत यज्ञ में आपका भरपूर सहयोग मिलेगा ।

दीपावली के पावन पर्व पर गत वर्ष आयोजित **माँ लक्ष्मी की महाआरती एवं दिव्य अग्रकथा का अभूतपूर्व आयोजन एवं इसी वर्ष होली मिलन कार्यक्रम का सफलतम आयोजन** समाज को संगठित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद सिंह रावत जी, माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री प्रेम चंद्र अग्रवाल जी, माननीय वित्त मंत्री श्री प्रकाश चंद्र पंत जी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय भट्ट जी तथा हमारे संरक्षक व भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्री नरेश बंसल जी, हमारे सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष श्री विनय गोयल जी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि भविष्य में भी हम वैश्य समाज को संगठित करने के उद्देश्य से इसी प्रकार निरंतर अपनी भूमिका का निर्वहन करते रहेंगे ।

अंत में मैं वैवाहिक परिचय सम्मेलन में आर्थिक सहयोग व अन्य किसी भी प्रकार से सहयोग करने वाले सभी महानुभावों तथा अपनी टीम के सभी पदाधिकारियों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिन के सहयोग से यह यज्ञ पूर्ण हो पाया है। प्रतिभाग कर रहे सभी युवक–युवतियों एवं सभी वैश्य बंधुओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

धन्यवाद !

चतुर्थ परिचय सम्मेलन

आपका अपना

(विनोद गोयल)
महानगर अध्यक्ष